कार्यालय,प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर।

छात्र–छात्राओं के लिए आवश्यक सूचना 15.12.2020

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में प्रयोगात्मक विषयों की प्रयोगात्मक कक्षाए प्रारम्भ की जा रही है, जिसमें छात्र–छात्राओं को बैंच वाइज बुलाया जायेगा। बैंच की सचूना संबंधित विषय/पेपर के प्राध्यापक द्वारा दी जायेगी, छात्र–छात्राएं अपने बैंच के लिए निर्धारित दिन एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हो, जिस बैच की प्रयोगात्मक कक्षा होनी है केवल वहीं छात्र–छात्राएं महाविद्यालय में उपस्थित हो अन्य छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है अन्य कक्षाएं पूर्ववत ऑनलाइन संचालित की जायेंगी।

छात्र–छात्रा को महाविद्यालय में प्रयोगात्मक कक्षा में आने से पूर्व घोषणा पत्र एवं अभिभवक का सहमत पत्र लाना आवश्यक होगा, छात्र घोषणा पत्र एवं अभिभावक सहमति पत्र का प्रारूप दिया जा रहा है छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय में कोविड–19 से संबंधित सभी दिशा– निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बागेश्वर।

कार्यालय,प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बागेश्वर।

छात्र–छात्राओं हेतु (ऑफलाइन कक्षाओं संबंधी) आवश्यक दिशा – निर्देश

महाविद्यालय के प्रयोगात्मक विषय (भौतिक, रसायन, जन्तु, वनस्पति, भूगोल एवं गृह विज्ञान) से संबंधित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.12.2020 से उनकी ऑफलाईन कक्षायें प्रारम्भ हो रही है, जिसके अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा जारी किये गये नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है जो कि निम्नवत है–

1. महाविद्यालय में प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपनी थर्मल स्क्रीनिंग करवाने के उपरान्त ही प्रवेश करना है।
2. प्रत्येक छात्र–छात्रा को महाविद्यालय यूनीफार्म में आना अनिवार्य है।
3. महाविद्यालय परिसर में सभी छात्र–छात्राओं को फेस कवर/मॉस्क पहनना अनिवार्य है।
4. महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।
5. प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप स्थापित करना है और उसका नियमित उपयोग करना है।
6. परिसर में थूकना पूर्णतः वर्जित है। यह एक दण्डनीय कृत्य है, पकड़े जाने पर पैंडैमिक एक्ट के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
7. परिसर में 6 फिट की शारीरिक दूरी का अनुपालन करना अनिवार्य है।
8. प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपने पास स्वयं का हैण्ड सेनेटाइजर रखना एवं उसका समय–समय पर उपयोग करना अनिवार्य है।
9. प्रत्येक छात्र–छात्रा अपने साथ स्वयं की पारदर्शी पानी की बोतल अवश्यक रखें।
10. यदि किसी अन्य विषय के प्राध्यापक से कोई परामर्श प्राप्त करना हो तो उनसे अनुमति लेकर ही महाविद्यालय में प्रवेश करना।
11. समय सारिणी के अनुसार ही विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश करें तथा कक्षायें समाप्त होने के पश्चात महाविद्यालय से बाहर अपने निवास स्थान को प्रस्थान करना।
12. प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपने अभिभावक की सहमति हस्ताक्षर तथा घाषणा–पत्र में अपने हस्ताक्षर करते हुए महाविद्यालय में प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बागेश्वर।

अभिभावक द्वारा दिया जाने वाला शपथ पत्र

मैं...अपने पाल्य.. ....जो कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बागेश्वर में कक्षा .... सेमेस्टर का छात्र/छात्रा है, को दिनांक 15/12/2020 से भौतिक माध्यम से पठन–पाठन हेतु महाविद्यालय भेजने में अपनी सहमति प्रदान करता हूँ तथा इसके साथ ही यह भी प्रमाणित करता हूँ कि मेरे पाल्य ने विगत एक माह से राज्य के बाहर आवागमन नहीं किया है।

नोटः– राज्य के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश से पूर्व RT (PCR) की नेगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

छात्र/छात्रा का मो0नं0–

दिनांक –...

स्थान – ....

ह0/–

अभिभावक का नाम–

स्थायी पता –

मो0नं0 –

वर्तमान पता –

घोषणा पत्र

मैं.. कक्षा..का छात्र/छात्रा हूं। मैं यह घाषणा करता /करती हूं कि मैं पूर्णतः स्वस्थ हूं और अपने निवास स्थान.................................. ....पर विगत एक माह से निवास कर रहा/रहीं हूं तथा मैंने अपने मोबाईल में 'आरोग्य सेतू' ऐप डाउनलोड कर लिया है, इसके साथ ही मैं महाविद्यालय द्वारा निर्गत कोविड–19 से संबंधित दिशा निर्देशों का पालन करूंगा/करूंगी।

दिनांक–

हस्ताक्षर छात्र/छात्रा